दिनांक :10.05.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

विदेश मंत्रालय–ब्रीफिंग

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान लगातार उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आज नई दिल्ली में विशेष संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान की आक्रामक कार्रवाई जारी है। भारत ने जिम्मेदारीपूर्वक इन हमलों का माकूल जवाब दिया है।

प्रेस वार्ता में सेना की प्रवक्ता कर्नल शोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान फर्जी खबरों का सहारा ले रहा है। पाकिस्तान ने चिकित्सा केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया है। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी क्षति पहुंचाई हैं।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित कार्रवाई में पाकिस्तान के चिन्हित सैन्य ठिकानों विशेष रूप से तकनीकी ढांचे, कमांड और नियंत्रण केंद्र, रडार साइट और हथियार भंडारण क्षेत्र पर सटीक हमला किया।

उन्होंने भारतीय एस–400 हवाई रक्षा प्रणाली को नष्ट करने, सूरत और सिरसा में हवाई क्षेत्रों को नष्ट करने के पाकिस्तान के झूठे दावों को खारिज कर दिया।

"ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज"

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में आज भोपाल में "मध्यप्रदेश–महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल" की 28वीं बैठक अब से कुछ देर बाद शुरु होगी। विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना "ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज" के एम.ओ.यू. पर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह मध्यप्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना होगी।

इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 1 लाख 23 हजार 82 हैक्टेयर भू–क्षेत्र और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना से राज्य के बुरहानपुर एवं खण्डवा जिले की कुल 4 तहसीलें लाभान्वित होंगी।

लोकार्पण

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सीहोर जिले के ग्राम पिपलानी में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुये। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बुधनी एवं भैरूंदा जनपद के 195 करोड़ 65 लाख रुपये से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया।

लोक अदालत

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में, प्रदेश में आज उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही हैं ।

लोक अदालत में न्यायालयीन लंबित दीवानी और आपराधिक शमनीय मामलों के साथ–साथ बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री–लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामलों का निराकरण किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में लगातार मौसम में उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आज भी मौसम बदला रहेगा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन–जबलपुर समेत प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में आंधी, हल्की बारिश और गरज–चमक का अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में

1. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भोपाल के रातीबड़ और एमपी नगर में बिना मान्यता के चल रहे दो अवैध हॉस्पिटल को सील करने की कार्रवाई की है।
2. झाबुआ जिले में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के ई–केवायसी करने एवं समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के शीघ्र भुगतान हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया।
3. आगरमालवा जिले में अमानक खाद्य सामग्री संग्रहण एवं विक्रय करने वाले 6 कारोबारियों पर 6 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

और

4. शाजापुर जिले में आगरा मुंबई नेशनल हाईवे मक्सी बायपास पर देर रात एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 18 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

नमस्कार